तापमान
अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025



11 महम में बनेगा चौधरी छोटू राम चौक फरमाणा चुंगी अब ...





12 अफसर जांच के नाम पर वर्षों तक प्रताड़ना ...








## खबर संक्षेप

### यूजी व पीजी इंजीनियरिंग की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की यूजी व पीजी इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की रेगुलर व री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी व डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मदवि: सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने सितंबर 2025 में आयोजित पीजी डिप्लोमा इन हिन्दू स्टडीज की री-अपीयर प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारी सम्मान समारोह 21 को

**रोहतक।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हैड आफिस का 7वां वरिष्ठ सेवानिवृत कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन 21 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे पंजाबी रामलीला ग्राउंड (धर्मशाला) में किया जाएगा। जिसमें सेवानिवृत कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। यूनिट सचिव सुरेन्द्र चावला ने बताया की सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह गौड, उपाध्यक्ष केन्द्रीय परिषद होंगे। इस समारोह में संस्था के अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी भाग लेंगे।

### गिझी स्कूल में लाखों के कंप्यूटर चोरी

**सांपला।** खंड के गांव गिझी के राजकीय कन्या हाई स्कूल में रात को अज्ञात व्यक्ति लाखों रुपये के कंप्यूटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने स्कूल संचालक सीमा के बयान पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को स्कूल के अवकाश के बाद सभी कमरों पर ताले लगाकर स्टाफ कर चला गया। सुबह आकर देखा तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। कंप्यूटर लैब का भी ताला टूटा पाया गया। जिसमें करीब 17 कंप्यूटर, इनवर्टर आदि सामान गए मिला। इस स्कूल में यह तिसरी बार चोरी हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



**17 एजेंडों पर हुई चर्चा : नगर निगम हाउस की मीटिंग में अधिकतर एजेंडे पास**

# शहर को बड़ी सौगात, अंबेडकर चौक से तिलयार झील तक बनेगा एलिवेटेड रोड, जाम से मिलेगा छुटकारा

**दिल्ली से भिवानी और हिसार की ओर जाने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश नहीं करना पड़ेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के विकास की दिशा में नगर निगम हाउस की शुक्रवार को हुई बैठक महत्वपूर्ण साबित हुई। इस बैठक में शहरवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए अंबेडकर चौक से लेकर तिलयार झील तक एलिवेटेड रोड (एलिवेटेड पुल) के निर्माण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने के बाद न केवल शहर के अंदर यातायात व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि दिल्ली से भिवानी और हिसार की ओर जाने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में अंबेडकर चौक से हिसार रोड तक एलिवेटेड रोड पहले से ही बना हुआ है। अब इसी एलिवेटेड रोड को आगे बढ़ाकर तिलयार झील तक ले जाने की योजना है। इससे शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त सड़कों पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। सदन में इस प्रस्ताव को शहर के भविष्य और यातायात सुधार की दृष्टि से बेहद जरूरी बताया गया। नगर निगम हाउस की इस बैठक की अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने की, जबकि नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य तौर पर 17 एजेंडों पर चर्चा हुई। पार्षदों द्वारा भेजे गए अधिकतर एजेंडे पास कर दि गए।


रोहतक। नगर निगम हाउस की बैठक लेते मेयर रामअवतार वाल्मीकि।


अपनी बात रखते पार्षद बिजेंद्र हुड्डा।


अपनी बात रखते अन्य पार्षद।

पार्षद परीक्षित देशवाल

बात रखतीं पार्षद कृष्णा व मुक्ता नागपाल।

### शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम होगा

शहर में लगातार बढ़ते वाहनों की संख्या के कारण अंबेडकर चौक, दिल्ली रोड, हिसार रोड और तिलयार की ओर जाने वाले मार्गों पर अक्सर लंबा जाम लगा रहता है। एलिवेटेड रोड बनने के बाद हाईवे से आने-जाने वाले भारी और बाहरी वाहन सीधे एलिवेटेड मार्ग से निकल सकेंगे। इससे शहर के अंदरूनी इलाकों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आम नागरिकों का समय और ईंधन दोनों बचेंगे।

**एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट की प्रक्रिया**

- अंबेडकर चौक से तिलयार झील तक एलिवेटेड रोड का निर्माण
- प्रोजेक्ट रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी
- सरकार से मंजूरी मिलने के बाद कार्य शुरू होगा
- सदन ने सर्वसम्मति से परियोजना को मंजूरी दी

### बैठक की शुरुआत में हुआ हंगामा

हालांकि बैठक में विकास से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, लेकिन इसकी शुरुआत सियासी गर्माहट और तीखी नोकझोंक के साथ हुई। जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू हुई, वार्ड 19 से पार्षद विजय गोयल और पार्षद अनिता के बीच कहासुनी हो गई। मामला बढ़ गया कि कुछ समय के लिए सदन की कार्रवाई को रोकना पड़ा। इस दौरान पार्षद रमेश बोहर भी बहस में कूद पड़े। दोनों पक्षों के बीच तीखे शब्दों का आदान-प्रदान हुआ, जिससे सदन का माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पार्षद विजय गोयल ने सदन में खड़े होकर माफी मांगी और कहा कि उनका उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं था। इसके बाद मामला शांत हुआ और बैठक दोबारा एजेंडे पर लौट सकी।

### पार्षद कपिल नागपाल ने खोला मोर्चा

बैठक के दौरान पार्षद कपिल नागपाल ने अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में जो गलियां बनाई जा रही हैं।ठेकेदार उसमें मनमर्जी कर रहा है। अभी तक उनके पास निर्माण कार्यों से सम्बंधित कागजात तक नहीं पहुंचे है। जबकि लोग उन्हें सुनाते रहते हैं। उन्होंने कहा विभाग के अधिकारी मौके पर आकर निरीक्षण तक नहीं करते। लोग कब तक गंदे पानी और टूटी गलियों की समस्या से जूझते रहेंगे। पार्षद सुरेश किराड़ ने पब्लिक हेल्थ विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सदन में ही धरना देंगे। पार्षद कपिल नागपाल ने भी उनका समर्थन किया।

### अन्य विकास प्रस्ताव

- वार्ड एक में पार्क निर्माण
- वार्ड दो में प्रवेश द्वार और मकान नंबर अंकन वार्ड सात में मार्केट साइन बोर्ड
- बाबा मस्तनाथ मठ की ओर जाने वाले चौक का नामकरण
- पहरावर गांव में डॉग शेल्टर
- बोहर गांव में प्रजापति समाज की धर्मशाला
- कंहेली रोड पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण

### पार्षदों को पिस्तोल दिखाने वाला ठेकेदार डी बार

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने बैठक की अध्यक्षता के दौरान कहा कि एक ठेकेदार ने पार्षदों को कई बार पिस्तौल दिखाकर धमकी दी है।इसलिए उसे सर्वसम्मति से डी बार करने का निर्णय लिया जाता है।

### अधिकारियों पर नाराजगी

बैठक में पार्षदों का गुस्सा एक बार फिर बुनियादी सुविधाओं को लेकर सामने आया। बिजली, पानी और सीवरेज की समस्याओं पर पार्षदों ने अधिकारियों को घेरा और लापरवाही के आरोप लगाए। कई पार्षदों ने कहा कि उनके वार्डों में विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं और धरातल पर काम नजर नहीं आता। अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट मांगी गई।

### विकास पर केंद्रित रही बैठक

हंगामे और बहस के बावजूद नगर निगम हाउस की बैठक में शहर के विकास को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। सदन ने स्पष्ट किया कि सरकार से मंजूरी मिलते ही इस परियोजना पर तेजी से काम शुरू किया जाएगा।

## मनीषा यादव बनी फ्लाइंग ऑफिसर परिवार में खुशी का माहौल


रोहतक। एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयनित होने पर मनीषा का स्वागत करते पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर और उनकी पत्नी वीना ग्रोवर।

**रोहतक।** गांव बलम निवासी हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक देवेंद्र यादव की सुपुत्री मनीषा यादव का एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। चयन की सूचना मिलते ही पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। पिता देवेंद्र यादव, मां पिंकी यादव व भाई मनदीप यादव ने कहा कि उन्हें गर्व है कि मनीषा ने फौज में जाने का निर्णय लिया और उसका चयन हुआ है। यह पूरे परिवार, रोहतक और हरियाणा के लिए गौरव की बात है। मनीषा ने कहा कि आज देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाली सभी बहनों को संदेश दिया कि वह पूरी ईमानदारी से पढ़ाई करें और अपने-अपने फील्ड में जाकर देश का नाम रोशन करें। सपने तभी पूरे होते हैं, जब उनके लिए कड़ी मेहनत की जाए। आज देश में बेटियों को हर क्षेत्र में मान सम्मान मिल रहा है और अभिभावक अपनी बेटियों के सपनों को पूरा करने में हर संभव मदद कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ग्रोवर और उनकी धर्मपत्नी वीना ग्रोवर ने बेटी मनीषा के इस चयन पर आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सांपला: आरक्षित सूची घोषित, 9 वार्ड हुए आरक्षित

**सांपला।** आगामी चुनाव को लेकर प्रशासन तैयारियों में लगा हुआ है। शुक्रवार को नगर पालिका में पार्षद पद के लिए आरक्षण सूची जारी कर दी है। 24 जनवरी को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। आरक्षण सूची सार्वजनिक होने के बाद राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका में 16 वार्ड हैं। जिसमें से 9 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। नगर पालिका सचिव के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड नंबर 4 और पांच आरक्षित किए गए हैं, जबकि वार्ड नंबर 10 एस सी महिला के लिए सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग ए के लिए वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 14 को पिछड़ा वर्ग ए महिला के लिए आरक्षित घोषित किया गया है। जबकि वार्ड नंबर 7,11,13, और 15 महिला के लिए आरक्षित किया गया है। सामान्य वर्ग से से लोग इस बार पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। वे वार्ड आरक्षित किए गए हैं। नगर पालिका सचिव नरेंद्र कुमार ने बताया कि यह आरक्षण राज्य सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार लक्की ड्रा से तय किया गया है।

**गांव रिटोली में भाऊ और बाबा गैंग आमने-सामने, लोगों में फैली दहशत**

# गैंगवार: 30 से ज्यादा राउंड फायरिंग एक बदमाश की मौत, कई घायल

**गांव रिटोली में चार बदमाशों को लगी गोलियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में शुक्रवार शाम को गैंगवार की एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। गांव रिटोली स्थित शराब ठेके पर दो कुख्यात गिरोहों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, जिसमें दोनों ओर से 30 से अधिक गोलियां चलीं। इस गैंगवार में भाऊ गैंग और बाबा गैंग आमने-सामने आ गए। फायरिंग की इस वारदात में चार बदमाशों को गोली लगी, जबकि एक बदमाश की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, गैंगस्टर सन्नी रिटोलिया के एक करीबी दोस्त को भी दो गोलियां लगने की सूचना है।




रोहतक। घटना स्थल पर गोली के खोल। जांच के लिए पहुंची एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया। फोटो : हरिभूमि

### शराब ठेके पर अचानक फायरिंग

यह शराब ठेका कुख्यात गैंगस्टर सन्नी रिटोलिया से जुड़ा हुआ है, जो बाबा गैंग का सरगना बताया जा रहा है। शाम करीब 5:30 बजे सन्नी रिटोलिया ठेके पर मौजूद था। उसके साथ उसका कर्मचारी अनिल भी था। ठेके पर शराब का माल उतारने के लिए एक गाड़ी पहुंची हुई थी। उसी समय दीपक भी वहां पहुंचा। इसी बीच अचानक कार में सवार होकर हिमांशु भाऊ गैंग के शूटर मौके पर पहुंचे और उतरते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। शराब ठेके और आसपास के इलाके में गोलियों की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।



### दीपक को लगी दो गोलियां, सन्नी फरार

फायरिंग के दौरान सन्नी रिटोलिया वहां से जान बचाकर भाग निकला, लेकिन उसका दोस्त दीपक गोलीबारी की चपेट में आ गया। दीपक को कंधे और पेट के पास गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दीपक की फॉर्च्यूनर गाड़ी के शीशे भी गोलियों से चकनाचूर हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 30 से 32 राउंड फायर किए गए। गोलियां केवल ठेके तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि पास की एक बंद दुकान के शटर में भी गोलियां जा लगीं।

### भाऊ गैंग के सदस्य घायल

सूत्रों के अनुसार, फायरिंग के बाद बाबा गैंग की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। इस दौरान भाऊ गैंग के चार बदमाशों को गोलियां लगीं। सभी घायल बदमाश मौके से फरार हो गए और सीधे झज्जर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान खान नामक आरोपी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बदमाश गंभीर हालत में उपचाराधीन बताए जा रहे हैं।

### 2021 से चल रही है दोनों गैंगों की रंजिश


सूत्रों के अनुसार, फायरिंग के बाद बाबा गैंग की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। इस दौरान भाऊ गैंग के चार बदमाशों को गोलियां लगीं। सभी घायल बदमाश मौके से फरार हो गए और सीधे झज्जर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान खान नामक आरोपी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बदमाश गंभीर हालत में उपचाराधीन बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि भाऊ गैंग और बाबा गैंग के बीच पुरानी रंजिश है।

### मौके पर पहुंची पुलिस और जांच एजेंसियां

घटना की सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। सीआईए टीम और एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया व उनकी टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। घायल दीपक को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस का कहना है कि घायल के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा और आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**शहर में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए प्रशासन की बड़ी तैयारी**

# शीला सिनेमा के पास लगाई गई लाल बत्ती जाट भवन चौक पर भी जल्द होगा सिग्नल शुरू

नीरज वर्मा ▶▶ रोहतक

शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल सोनीपत रोड पर अब ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। शीला सिनेमा हाल के पास ट्रैफिक सिग्नल (लाल बत्ती) लगा दी गई है, जबकि जाट भवन चौक पर भी जल्द ही लाल बत्ती लगाए जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन दोनों स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल शुरू होने से हजारों वाहन चालकों और आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।




### लाल बत्ती से बदलेगी व्यवस्था


पुलिस प्रशासन ने शीला सिनेमा हॉल के पास आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल लगाने का निर्णय लिया। अब यहां लाल, पीली और हरी बत्ती के जरिए ट्रैफिक को नियंत्रित किया जाएगा। इससे वाहन चालकों को स्पष्ट संकेत मिलेंगे कि कब रुकना है और कब आगे बढ़ना है।

### सोनीपत रोड पर जाम बड़ी समस्या

सोनीपत रोड रोहतक का एक प्रमुख और व्यस्त मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। शीला सिनेमा हाल के पास तिराहा होने के कारण चारों दिशाओं से आने वाले वाहनों के कारण अक्सर अव्यवस्था की स्थिति बन जाती थी। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, फिर भी जाम पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो पाता था।

### जाट भवन चौक पर भी लगेगी लाल बत्ती

शीला हॉल के बाद अगला बड़ा ट्रैफिक हॉटस्पॉट जाट भवन चौक है। यह चौक भी लंबे समय से जाम की समस्या से जूझ रहा है। यहां से कई कॉलोनियों और प्रमुख संस्थानों का रास्ता निकलता है, जिसके कारण दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है। खासकर वीआईपी मूवमेंट और कार्यक्रमों के दौरान स्थिति और भी बिगड़ जाती है। पुलिस प्रशासन ने जाट भवन चौक पर भी ट्रैफिक सिग्नल लगाने की योजना बनाई है। इसके लिए तकनीकी सर्वे पूरा किया जा चुका है और जल्द ही यहां भी लाल बत्ती शुरू कर दी जाएगी। इससे इस क्षेत्र में भी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद है।




# वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस में दिखी धर्मेंद्र की झलक

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' अब इस साल रिलीज न होकर नए साल पर रिलीज हो रही है। 1 जनवरी 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म का अब फाइनल ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर पहले भी आ चुका है, लेकिन अब ये फाइनल ट्रेलर आया है। 2 मिनट 11 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत जयदीप अहलावत की आवाज से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'उस धुएं और बारूद की बू आज भी याद है मुझे। हम तारीख बदलने वाले थे, लेकिन उस एक लड़के ने हमारी तकदीर ही बदल दी।' इसके बाद ट्रेलर में युद्ध के जबरदस्त सीन और गोलियों और बम के धमाकों की आवाजें सुनने व देखने को मिलती हैं। सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में अगस्त्य नंदा सेना की वर्दी में जचते हैं। ट्रेलर के अंत में धर्मेंद्र नजर आते हैं और बैकग्राउंड में 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' गाना बजता है।

## लाइफ Style

# राधिका




## मैं 16 घंटे काम नहीं कर सकती

राधिका आप्टे भी वर्किंग आवर को लेकर चल रही बहस में शामिल हो गई हैं। अब उन्होंने भी दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी है। राधिका ने यहां तक कह दिया कि जब तक कि प्रोड्यूसर्स 12 घंटे की शिफ्ट से सहमत न हों वो काम नहीं कर पाएंगी। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण की 8 घंटे की शिफ्ट की डिमांड को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और अब इस डिमांड में एक और फीमेल बॉलीवुड एक्ट्रेस शामिल हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले कुछ महीनों से मां बनने के बाद काम के घंटों की लेकर बहस ने जोर पकड़ रखी है। हाल ही में राधिका ने अपनी बेटी का पहला बर्थडे सेलिब्रेट किया है। महिला एक्ट्रेसेस खासकर न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों पर बहस पिछले कुछ महीनों से लगातार चल रही है। इसकी शुरुआत दीपिका पादुकोण की तरफ से कथित तौर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट ' से वर्किंग आवर को लेकर 8 घंटे की मांक से शुरू हुई, जिसके बाद खबर आई कि मेकर्स ने उन्हें फिल्म से आउट कर दिया। अब राधिका आप्टे ने इस मांग पर सहमति जताई और खुशी भी कि आखिरकार इस विषय पर बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, 'मैं तब तक काम नहीं कर पाऊंगी जब तक मेकर्स 12 घंटे की शिफ्ट के लिए सहमत नहीं हो जाते। 12 घंटे से मेरा मतलब है, पूरी शिफ्ट यानी जिसमें मेकअप और हेयर स्टाइल सब हो। वर्ना हम असल में 16 घंटे काम कर रहे होते हैं, क्योंकि तब आपको कम से कम 14 घंटे सेट पर रहना पड़ता है, जिसमें हेयर स्टाइल, मेकअप और शिफ्ट का कुछ और काम शामिल है। इसके बाद आपको कम से कम डेढ़ घंटे का ट्रैवल करना पड़ता है, चाहे आप कहीं से भी काम कर रहे हों।' राधिका ने कम के तय समय पर जोर देते हुए कहा कि आप 16 घंटे तक घर से दूर नहीं रह सकते, वरना आप अपने बच्चे को कभी देख ही नहीं पाएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# धुरंधर के गाने पर झूमे निक जोनस

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड म्यूजिक की दीवानगी अब सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका जादू इंटरनेशनल भी साफ नजर आता है। हाल ही में नया मामला मशहूर सिंगर और प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस और उनके भाई जो और केविन जोनस का है, जिन्होंने अपने कॉन्सर्ट से पहले जोश बढ़ाने के लिए एक हिंदी फिल्म का गाना चुना है। खास बात यह है कि यह गाना आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का ट्रैक 'शरारत' है, जो इन दिनों दुनियाभर में सुर्खियां बटोर रहा है। निक जोनस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने भाइयों के साथ स्टेज पर जाने से पहले 'शरारत' गाने पर मस्ती करते नजर आ रहे हैं।



# कैप्टन अमेरिका के तौर पर वापसी करेंगे क्रिस

**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' का पहला टीजर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतार-फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दर्शकों को देखने को मिला। इस टीजर से दर्शकों को हिंट मिला है कि फिल्म में बतौर कैप्टन अमेरिका क्रिस इंवास की वापसी हो सकती है। एवेंजर्स सीरीज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्स डे' को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। इसमें उनके लिए एक बड़ा सरप्राइज है। फिल्म का हाल ही में पहला टीजर रिलीज हुआ। जिसे देखकर दर्शकों को ऐसा लगा कि इसका हिस्सा क्रिस इवांस भी होंगे। वह कैप्टन अमेरिका के तौर पर इस फिल्म में वापस नजर आ सकते हैं। टीजर में एक खेत से सीन से शुरुआत होती है। इसमें फिल्म का एक अहम किरदार स्टीव अपने घर के बाहर मोटरसाइकिल चलता है और बैकग्राउंड में 'एवेंजर्स' थीम का पियानो वर्जन बज रहा होता है। स्टीव ने नीला हेलमेट पहना है, जो फैंस को कैप्टन अमेरिका (क्रिस इंवास) के कॉस्ट्यूम की याद दिलाता है। स्टीव के हाथ में एक नवजात बच्चे भी है। इसके साथ ही टीजर खत्म हो जाता है।



# हैप्पी पटेल का ट्रेलर रिलीज, वीर पर भारी पड़े आमिर- इमरान

**मुंबई।** वीर दास की फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म मजेदार लग रही है। 2 मिनट और 38 सेकेंड में इसमें कॉमेडी का भरपूर डोज है, जमकर गालियां हैं और एक बेवकूफ सीक्रेट एजेंट है, जो काम कम और गलतियां ज्यादा करता है। ट्रेलर की शुरुआत 'अल्फा मेल-अल्फा मेल' की गूंज से होती है, जो इसके हीरो और को-डायरेक्टर वीर दास के लिए है, लेकिन असल मजमा लूट ले जाते हैं आमिर खान और पर्दे पर 10 साल बाद कमबैक कर रहे उनके भांजे इमरान खान। ट्रेलर अपने पहले फ्रेम से ही यह साफ कर देता है कि यह फिल्म कोई स्पाई एक्शन थ्रिलर नहीं, बल्कि अपने हल्के-फुल्के अंदाज, अजीब किरदारों और कॉमिक ट्विस्ट से दर्शकों का मनोरंजन करने वाली है।



# वही पुरानी कहानी, फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नहीं

**नई दिल्ली।** रिश्ते रहें ना रहें प्यार तो हमेशा रहता है। दोस्ती, रिलेशनशिप और प्यार की अहमियत को दिखाती चार लड़कियों की कहानी वाला शो 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' का चौथा सीजन शुक्रवार को रिलीज हो चुका है। ये सीरीज का फाइनल सीजन है। 2019 में शुरू हुई इस सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को महिलाओं की कहानी और उनकी बोल्डनेस के चलते दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी पसंद किया था। हालांकि, तीसरा सीजन आते-आते कहानी कहीं न कहीं सिर्फ बोल्डनेस तक सीमित रह गई और नयापन खोने लगी। इस सीजन में सीरीज के फाइनल सीजन जैसा कुछ भी नया नहीं लगता है। पिछले तीन सीजन की तरह ही सीरीज प्यार रिलेशनशिप, एलजीबीटक्यू और दोस्ती को लेकर मैसेज देने का प्रयास करती है। जिसमे कहीं-कहीं सफल भी होती है।

## टीवी मसाला



# 14 साल बाद टीवी पर लौटेंगे अक्षय होस्ट करेंगे व्हील ऑफ फॉर्च्यून शो

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार फिल्मों में लोगों को एंटरटेन करने के बाद अब 14 साल बाद टीवी पर गेम खिलाने के लिए आ रहे हैं। वो एमी अवॉर्ड विनर टीवी गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' भारत में लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। आठ बार एमी अवॉर्ड जीतने वाला अमेरिका का नंबर वन टेलीविजन गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' अब भारत में सोनी टीवी और सोनी लिव पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। अक्षय कुमार शो में बतौर होस्ट शामिल होंगे। सोनी टीवी की ओर से इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया गया, 'दुनिया के सबसे बड़े टेलीविजन गेम शो ने भारत को नमस्ते कहा है।' इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अक्षय कुमार इस शो को होस्ट करेंगे। हालांकि, अभी तक शो की रिलीज डेट और कंटेस्टेंट के नाम सामने नहीं आए हैं। इस गेम शो से जुड़ने पर अभिनेता अक्षय कुमार ने भी खुशी जाहिर की है। एक्टर ने कहा कि 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' दुनिया भर में लाखों लोगों का पसंदीदा शो रहा है। मैं इसके भारतीय संस्करण को यहां के दर्शकों के सामने पेश करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। कई पीढ़ियों से चली आ रही शो की लोकप्रियता और पहेलियां सुलझाने का रोमांच इसे दुनियाभर में लोकप्रिय बना चुका है। मुझे भरोसा है कि भारतीय दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेंगे।

## पलक झपकाने का नहीं मिलेगा मौका

नई दिल्ली। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' 19 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हो गई है। इस क्राइम-थ्रिलर सीरीज के कुल 6 एपिसोड्स एक साथ रिलीज हुए हैं। हर कातिल कत्ल के पीछे कोई ना कोई सबूत छोड़ जाता है, लेकिन यहां माजरा थोड़ा उल्टा है। यहां कातिल बताकर जाता है कि मारने वाला वही था। इस सीरीज में पलक झपकाने का समय नहीं मिलेगा, क्योंकि हर पल कोई ना कोई नया मोड़ आ जाता है यानी ट्विस्ट और टर्न की भरमार के मामले में तो पूरे नंबर मिलने चाहिए। आखिर तक पता नहीं चल पाएगा कि आखिर कातिल है कौन। हर क्राइम-थ्रिलर की ही तरह ये सीरीज भी सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री की परतें एक-एक कर खोलती है। कहानी है एक सीरियल किलर की, जो मुंबई में एक के बाद एक कत्ल किए जा रहा है और हत्या करने का तरीका एक जैसा ही है। सभी को रस्सी से दम घोंटकर मारा जाता है। सीरीज की कहानी शुरु होती है ऐसे ही मुंबई में एक्टर विराट मल्होत्रा के कत्ल से। पुलिस कमिश्नर अरुण खत्री मौका-ए-वारदात पर पहुंचते हैं।




# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक, इस वीकेंड ओटीटी पर लगा एंटरटेनमेंट का फुल तड़का

**नई दिल्ली।** अगर आप वीकेंड पर घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेना चाहते हैं, तो यह हफ्ता ओटीटी दर्शकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रोमांस, हॉरर-कॉमेडी, क्राइम थ्रिलर और डार्क ड्रामा- हर जॉनर को पसंद करने वालों के लिए इस बार कुछ न कुछ खास मौजूद है। दिसंबर के इस वीकेंड पर कुल 5 नई फिल्में और वेब सीरीज रिलीज हुई हैं, जो आपकी बिंज-वॉच लिस्ट को और लंबा करने वाली हैं।

### शुभचिंतक

गुजराती सिनेमा को एक नया और बोल्ड मोड़ देती है 'शुभचिंतक', जो 18 दिसंबर 2025 से शेमारू मी पर स्ट्रीम हो रही है। यह डार्क कॉमेडी-थ्रिलर एक ऐसे नौसिखिए की कहानी है, जो बदला लेने के लिए हनी-ट्रैप का सहारा लेता है। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, वह खुद नैतिक उलझनों और अप्रत्याशित हालात में फंस जाता है। सस्पेंस और डार्क कॉमेडी का यह मिश्रण दर्शकों को अंत तक बांधे रखने का दम रखता है।



### थामा

वहीं, मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पेशकश 'थामा' अब थिएटर के बाद ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। 16 दिसंबर 2025 से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध यह फिल्म रोमांस और डर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन पेश करती है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की जोड़ी के साथ फिल्म हल्के-फुल्के हास्य के बीच हॉरर का तड़का लगाती है, जो इस फ्रेंचाइजी के फैंस को खासा पसंद आने वाला है।

### एक दीवाने की दीवानियत

नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम हो रही 'एक दीवाने की दीवानियत' एक इंटेंस रोमांटिक ड्रामा है। कहानी एक ऐसे आशिक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी मोहब्बत धीरे-धीरे जुनून में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की केमिस्ट्री इस कहानी को और भी भावनात्मक बना देती है। यह सीरीज़ प्यार, पागलपन और पजेसिवनेस के बीच की महीन रेखा को दिखाती है।

### मिसेज देशपांडे

19 दिसंबर 2025 को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई 'मिसेज देशपांडे' खासतौर पर माधुरी दीक्षित के फैंस के लिए बड़ी ट्रीट है। इस क्राइम थ्रिलर में वह एक सीरियल किलर के किरदार में नजर आती हैं, जो पुलिस को एक कॉपीकैट किलर पकड़ने में मदद करती है। फ्रेंच सीरीज ला मांते से प्रेरित यह शो सस्पेंस और साइकोलॉजिकल ट्विस्ट से भरपूर है।

# 3 इडियट्स की सीक्वल होगी 4 इडियट्स और चौथा एक्टर होगा तगड़ा सुपरस्टार!

**मुंबई।** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की बात जोरों पर है। इन सबके बीच, फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। इसका टाइटल '4 इडियट्स' हो सकता है और चौथे इडियट को ढूंढने के लिए मेकर्स जोर-शोर से जुटे हुए हैं। फिलहाल स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसका टाइटल है 4 इडियट्स। हालांकि, यह टाइटल अभी बदला जा सकता है, मेकर्स इस फ्रेंचाइजी को इसकी पुरानी तिकड़ी से आगे बढ़ाने के लिए एक सुपरस्टार की तलाश में हैं। निर्माता चौथे इडियट की खोज में जुटे हैं, जो एक सुपरस्टार हो सकता है। लेखन का काम जारी है और टीम यह तय करने में लगी है कि यह और भी बड़ी और बेहतर हो और पहले पार्ट के अंत से आगे बढ़े। हालांकि, यह सिर्फ एक साधारण सिलसिला नहीं होगा, बल्कि इसमें नए एलिमेंट भी शामिल किए जाएंगे ताकि चौथे लीड स्टार को शामिल करना बेहतर साबित हो सके।



### एक कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई 3 इडियट्स

*जहां उम्मीद है कि आमिर खान, आर. माधवन, शरमन जोशी और करीना कपूर खान से 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म से अपने रोल्स को दोहराएंगे, वहीं चौथे इडियट को लेकर अटकलें जल्द ही सबके बीच आएंगी। '4 इडियट्स' केवल एक अस्थायी टाइटल है और बाद में इसमें बदलाव हो भी सकता है और नहीं भी। फिर भी, चौथे एक्टर को लेकर बातें जोरों पर हैं, जो संभवतः एक सुपरस्टार हो सकता है। 2009 में रिलीज हुई फिल्म '3 इडियट्स' एक कल्ट क्लासिक बन गई और इसने भारत की शिक्षा प्रणाली पर देशव्यापी बहस छेड़ दी। इस फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया और उस समय बॉलीवुड के लिए नए मानक स्थापित किया। इसके सीक्वल का निर्देशन राजकुमार हिरानी करेंगे।*

## अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया

# अमिताभ की फिल्म में दद्दू के किरदार से मशहूर हुए ओम प्रकाश

एजेंसी ▶▶| मनई दिल्ली

ओम प्रकाश बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को कभी हंसाया तो कभी रुलाया। उन्हें कैरेक्टर आर्टिस्ट के तौर पर भी याद किया जाता है। अपने कॅरियर में उन्होंने 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। वह जो भी किरदार निभाते थे, उसमें पूरी तरह से ढल जाते थे। अभिनेता के अलावा वह निर्माता भी थे।

### 12 साल की उम्र में संगीत सीखना किया शुरू

19 दिसंबर 1919 को जम्मू में जन्मे ओम प्रकाश का पूरा नाम ओम प्रकाश बख्शी था। उनकी शुरुआती पढ़ाई लाहौर में हुई जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही उन्हें कला में दिलचस्पी थी। वह लगभग 12 साल के थे, जब उन्होंने शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लेनी शुरू की। साल 1937 में उन्होंने 'ऑल इंडिया रेडियो' में काम करना शुरू किया। उनके प्रोग्राम 'फतेहदीन' को काफी सराहना मिली।

### शादी की दावत में मिला फिल्म का ऑफर

सिनेमा में आने की ओम प्रकाश की कहानी दिलचस्प है। वह अपने दोस्त की शादी में गए थे। वहां दलसुख पंचोली ने उन्हें देखा और लाहौर बुलाया। इसके बाद उन्हें फिल्म 'दासी' 1950 में काम करने का मौका दिया। यह उनकी पहली बोलती फिल्म थी।



### आखिरी वक्त

ओम प्रकाश अपने आखिरी वक्त में बीमार हो गए थे। दिल का दौरा पड़ने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर वह कोमा में चले गए थे। 21 फरवरी, 1998 को उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### इन फिल्मों में की बेहतरीन अदाकारी

'दासी' के बाद उन्हें कई बेहतरीन फिल्में मिलीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। उन्होंने जूली, पड़ोसन, दस लाख, बैराग, चुपके-चुपके, नमक हलाल, शराबी, खानदान, प्यार किए जा, चौकीदार, आंधी, लावारिस, लोफर और जंजीर जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'नौकर बीवी का' (1983) है।

### बिग बी के साथ की शानदार अदाकारी

ओम प्रकाश को सबसे ज्यादा पहचान अमिताभ बच्चन की दो फिल्मों से मिली। फिल्म नमक हलाल में ओम प्रकाश ने दद्दू का किरदार निभाया। इस किरदार को आज भी याद किया जाता है। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शराबी में मुंशीलाल का किरदार निभाया, जिसे आज भी लोग सराहते हैं।

### 60 के दशक में प्रोड्यूस की फिल्में

ओम प्रकाश एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ एक बेहतरीन निर्माता भी थे। 60 के दशक में उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी बनाई। इसके तहत उन्होंने भैयाजी, चाचा जिंदाबाद, गेटवे ऑफ इंडिया और संजोग जैसी फिल्में बनाईं। ओम प्रकाश ने फिल्म कन्हैया' का निर्माण किया था। इसमें राज कपूर और नूतन ने अभिनय किया था।

### दिलचस्प है लव लाइफ

ओम प्रकाश की लव लाइफ दिलचस्प, लेकिन अधूरी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें एक सिख लड़की से प्यार हो गया था। हालांकि, लड़की के घरवाले उनके खिलाफ थे, क्योंकि वह हिंदू थे। उनकी मां लड़की के घर पर शादी का प्रस्ताव लेकर गई थीं, लेकिन उनके घरवाले नहीं मानें। इसके बाद उन्होंने अलग होने का फैसला किया।

## खबर संक्षेप

### आज को पहचानों कल को संवारों पर कार्यक्रम

**रोहतक।** सिरतार संस्थान के डीएड, एसई (आईडीडी) कोर्स के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल, माडोढी में संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का विषय अरली इन्टरवैंशनः दि फर्स्ट स्टैप टोवार्डस एन इंडीपैंडेट टोमारो अर्थात आज पहचानों और कल को संवारों रहा। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्राचार्य डॉ एडी पासवान की अध्यक्षता मे किया गया।

### साझा शहादत व साझी विरासत सप्ताह मनाया

**रोहतक।** शहर में ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीवाईओ) की ओर से 12 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 तक "साझा शहादत–साझी विरासत सप्ताह" मनाया गया। इस अवसर पर काकोरी कांड के महान शहीदों के संघर्ष और विचारों को आम जनता तथा युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न पार्कों में बैनर लगाए गए तथा शहीदों के विचारों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। सप्ताह भर चले इन कार्यक्रमों के माध्यम से काकोरी के शहीदों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी और रोशन सिंह के बलिदान याद किया जाएगा।

## नगर पालिका की बैठक में सर्वसम्मति से पास हुए 65 से अधिक प्रस्ताव

# महम में बनेगा चौधरी छोटू राम चौक फरमाणा चुंगी अब होगा अटल चौक

### शहर का सबसे बड़ा हुड्डा पार्क अब अटल पार्क के नाम से जाना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

शुक्रवार को नगर पालिका महम की एक बैठक नपा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन भारती पंवार ने की। बैठक में नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, एमई अशोक हुड्डा, वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर समेत 16 पार्षदों ने भाग लिया। चार घंटे तक चली इस बैठक में 65 से अधिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। इनमें शहर के सबसे बड़े हुड्डा टाऊन पार्क का नाम अटल पार्क करने का प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही शहर के भैणी भैरों चौक का नाम चौधरी छोटू राम चौक और फरमाणा चुंगी चौक का नाम अटल चौक किया जाएगा। सिटी पुलिस चौकी के पास स्थित स्वतंत्रता सेनानी बद्री प्रसाद काला सामुदायिक केंद्र में बनाए गए सीएफसी सेंटर का नाम अटल सीएफसी सेंटर बनाए जाने का फैसला लिया गया।



महम। नगर पालिका की बैठक में भाग लेते नपा चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, शहर के पार्षद व नगर पालिका अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में नगर पालिका चेयरमैन भारती पंवार, वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, सचिव नवीन नांदल, एमई अशोक कुमार, जेई अनिल कुमार, पार्षद विकास श्योराण, पार्षद बॉबी गोयल, मोनिका जांगड़ा, मीना बाल्मीकि, ऋषि भारद्वाज, विनोद गोयल व मोनू जांगड़ा समेत कई पार्षद मौजूद थे।

#### खास बातें

- सीएफसी सेंटर का नाम अटल सीएफसी सेंटर बनाए जाने का फैसला लिया गया
- पार्षदों ने शहर ने शहर की उठाई प्रमुख समस्याएं

#### पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याएं उठाई

पशु अस्पताल के साथ लगती नगर पालिका की जमीन में मार्केट बनाने का प्रस्ताव भी पास किया गया। मीटिंग में सरकारी हिदायतों के मुताबिक शहर में डॉग स्लाटर बनाने, और सुभाष पार्क के तालाब की सफाई करवाने, क्रांति चौक पर महिला शौचालय बनवाने, भिवानी स्टैंड व बाजार में लगने वाली रेहड़ियों को नगर पालिका कार्यालय के साथ लगती जमीन में शिफ्ट करने के प्रस्ताव पास किए गए। ध्वनि प्रदूषण करने वाले दुकानदारों और रेहड़ी वालों के चालान किए जाएंगे। स्वामित्व प्रमाण पत्र के आधार पर रजिस्टरी की जाएंगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, जनस्वास्थ्य, बिजली, पीडब्ल्यूडी, तहसील कार्यालय समेत कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान पार्षदों ने शहर में पेयजल समस्या, खुले सीवर के मेनहॉल, सड़क और गलियों के हालात सुधारने जैसे मुद्दे उठाए। सभी पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याएं उठाई, जिनमें शहर की कई गलियों के निर्माण के प्रस्ताव शामिल थे।

#### बंदरों और पागल कुत्तों से निजात दिलाई जाए : बसंत

नगर पालिका महम के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने महम शहर के लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नपा मीटिंग में कई मांगें रखीं। जिनमें प्रमुख रूप से बंदरों और पागल कुत्तों को शीघ्र पकड़ने की मांग की गई। इसके अलावा उन्होंने शहर वासियों के लिए फ्री एंबुलेंस सुविधा देने की मांग की। कहा कि गुरुद्वारा आया राम से लेकर बबू गिरोत्रा के मकान तक गली का निर्माण किया जाए। बिट्टू पकौड़े वाला के मकान से लेकर मास्टर मित्र सिंह के मकान तक गली बनाई जाए। रामगोपाल बाल्मीकि के घर से लेकर राजो बाल्मीकि के घर तक गली का निर्माण किया जाए। बलजीत हुड्डा के घर से लेकर बसंत झीमर तक गली का निर्माण किया जाए। लाइसियम स्कूल वाली गली व सुनार धर्मशाला वाली गलियों को ऊंचा उठाकर बनाया जाए। वार्ड 6 के पार्षद शैंकी गिरधर ने सुभाष पार्क से लेकर पंजाबी धर्मशाला तक की गली बनवाने का प्रस्ताव रखा। साथ ही नरेश वर्मा वाली गली बनवाने की मांग रखी।



रोहतक। शिविर में आंखों की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### भाली आनंदपुर चीनी मिल के 70 कर्मचारियों की आंखें जांचकर निःशुल्क दवाइयां वितरित की

**रोहतक।** गांव भाली आनंदपुर स्थित हरियाणा सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने बताया कि चीनी मिल द्वारा मिल परिसर में मिल के कर्मचारियों के लिए आंखों की निशुल्क जांच के लिए शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन स्थानीय आईक्यू विजन अस्पताल के सहयोग से किया गया। जांच शिविर में मिल के लगभग 70 कर्मचारियों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने बताया कि मिल प्रबंधन का प्रयास रहता है कि मिल में कार्यरत कर्मचारियों को कार्य स्थल पर स्वास्थ्य वर्धक वातावरण मिले तथा वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो। मिल प्रबंधन द्वारा समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते है। आंखों की जांच शिविर में अस्पताल के वरिष्ठ डॉ. अजय कुमार शर्मा तथा उनकी टीम द्वारा मिल कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की आंखों की जांच की गई तथा कर्मचारियों को आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस जांच शिविर का आयोजन मिल के श्रम कल्याण अधिकारी जगत सिंह बूरा की देखरेख में किया गया।

# एमडीयू में शिक्षा और संस्कार पर दिया जोर

- एमडीयू में भारतीय शिक्षण मंडल का शैक्षिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में आज भारतीय शिक्षण मंडल का दृष्टिकोण : राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषयक परिचय पत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक, रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत तथा अखिल भारतीय शिक्षण मंडल के शाले प्रमुख पुष्पेन्द्र राठी की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, अध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत रहे तथा अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. आशा शर्मा, अध्यक्षा भारतीय शिक्षण मंडल, हरियाणा प्रांत द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी संचिता ने किया। ध्येय श्लोक का पाठ भावना तथा ध्येय वाक्य का वाचन रीना द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा परंपरा, मूल्यों और समकालीन शैक्षिक चुनौतियों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा हुई। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका बहुआयामी है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर बल देते हुए कहा कि इससे ही एक सशक्त, मूल्य आधारित और व्यवहारिक शिक्षा व्यवस्था का निर्माण संभव है। मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने भारतीय शिक्षण मंडल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए शोध, स्वाध्याय और संवादात्मक शिक्षण को मजबूत शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. आशा शर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अधिक व्यवहारिक, कौशल आधारित और रोजगारोन्मुख बनाने पर बल दिया।



रोहतक। स्वराज सदन में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक। फोटो : हरिभूमि

#### शिक्षकों की भूमिका बताई

रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं और बेहतर नागरिक तैयार करते हैं। उन्होंने शिक्षक-विद्यार्थी के बीच विश्वास को प्रभावी शिक्षा का मूल आधार बताते हुए अनुभवात्मक शिक्षण को अपनाने का आह्वान किया। पुष्पेन्द्र राठी ने भारतीय शिक्षण मंडल के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने शिक्षा को संस्कारयुक्त और जीवनोपयोगी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# महिलाओं ने सुनाई सफलता की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक में शुक्रवार को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की प्रेरक कहानियां केंद्र में रहीं। उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में आयोजित इस मीटिंग में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के प्रशिक्षुओं के सफल केस स्टडी प्रस्तुत किए गए। बैठक में गांव गांधरा की जिया ने बताया कि उन्होंने आरसेटी से व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने गांव में कॉस्मेटिक एवं पार्लर की दुकान शुरू की। वर्तमान में वह प्रतिमाह 15,000 रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं, अपने परिवार का सहयोग कर रही हैं तथा अन्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसी प्रकार गांव गढ़ी बोहर की 12वीं पास ज्योति ने भी आरसेटी से प्रशिक्षण लेकर अपना कॉस्मेटिक व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की है और घरेलू आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, जो कौशल विकास के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है।

#### डीसी ने महिलाओं को किया प्रोत्साहित

सचिन गुप्ता ने कहा ये सफलता की कहानियां दर्शाती हैं कि जब कौशल प्रशिक्षण को बाजार की मांग के अनुरूप किया जाए और समय पर बैंक ऋण का सहयोग मिले, तो जीवन में वास्तविक परिवर्तन संभव है। हमारा फोकस जन-केंद्रित बैंकिंग और आजीविका आधारित विकास पर बना रहना चाहिए। गांधरा गांव की जिया और गढ़ी बोहर गांव की सुश्री ज्योति, दोनों ने आरसेटीआई खरावड़ से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने कॉस्मेटिक्स एवं ब्यूटी व्यवसाय स्थापित किए हैं और अब स्वतंत्र रूप से आय अर्जित कर रही हैं। ये दोनों ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरी हैं।

### 21 को लाइट एंड साउंड शो सफर-ए-शहादत का होगा आयोजन

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि वीर बाल दिवस के उपलक्ष में 21 दिसंबर को दोपहर बाद 2 बजे दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय परिसर में गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अतुलनीय बलिदान को नमन करने के उद्देश्य से विशेष लाइट एंड साउंड स्टेज प्रस्तुति सफर-ए-शहादत का आयोजन किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि सफर-ए-शहादत सिख शहादत के गौरवशाली इतिहास की एक भावनात्मक एवं प्रभावशाली यात्रा प्रस्तुत करेगा।




### स्वयं सेवकों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**कलानौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिलाना में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप के चौथे दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना व राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से हुई। स्वयं सेवकों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और भ्रूण हत्या के ऊपर एक रैली का आयोजन किया। जिसे प्राचार्य सुरेंद्र हुड्डा द्वारा झंडी दिखा कर गांव की तरफ रवाना किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामपंचायत भवन में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भ्रूण हत्या पर एक नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएचसी कहानौर से एसएमओ नीना इंदौरा और टीम के सदस्य डॉ सौरभ, डॉ विजय, डॉ प्रतिभा, डॉ मनोज और एसएमओ सुमन उपस्थित रही। एसएमओ द्वारा ग्रामीणों को भ्रूण हत्या पर जागरूक किया। सरपंच जितेंद्र द्वारा इसमें सहयोग करने का आश्वाशन दिया गया और एनएसएस टीम की इस जागरूकता रैली और नाटक मंचन की सरपंच, एसएमओ व ग्रामीणों द्वारा प्रशंसा की गई। ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि भविष्य में भ्रूण हत्या नहीं होने देंगे इसके बाद आईटी प्रवक्ता अरविंद ने बच्चों को साइबर सिक्योरिटी के बारे में बताया कैसे हम अपने आप को साइबर अपराधियों से बचा सकते हैं और किन नियमों का पालन करके अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं।

## बैठक में यमुना कार्य योजना तैयार करने पर जोर

# ड्रेन नंबर-8 व इसके चैनलों में गंदगी डाली तो अब होगी कार्रवाई, डीसी के सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को यमुना कार्य योजना तैयार करने के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समिति गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह अधिकारी आगामी दो दिन में एजेंडा में शामिल बिंदुओं का निरीक्षण कर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सचिन गुप्ता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में यमुना कार्य योजना के संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की हिदायतों अनुसार ड्रेन नंबर 8 में केवल शोधित जल ही डाला जाना है। संबंधित अधिकारी सभी निर्धारित बिंदुओं का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करें तथा यह सुनिश्चित करें कि जिला में किसी भी स्थान पर संबंधित ड्रेन में गंदा पानी न डाला जाये। उपायुक्त ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में बिना उपचारित अपशिष्ट जल का निर्वहन किसी भी स्थिति में न हो। जांच टीम को निर्देश दिए गए कि वह अपनी कार्रवाई की विस्तृत अनुपालना रिपोर्ट 22 दिसंबर को बैठक में प्रस्तुत करे, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण एवं यमुना नदी की स्वच्छता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता बलराज, जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता शिवराज, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के अलावा संबंधित विभागों के कार्यकारी अभियंताओं में अरूण मुंजाल, संजीव कुमार, नवीन कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहताश आदि मौजूद रहे।




रोहतक। यमुना कार्य योजना के संदर्भ में आयोजित बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

#### अफसरों को दिए निर्देश

डीसी ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एनजीटी की हिदायतों की उल्लंघना करने वालों के चालान किये जाये।उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा गठित की गई समिति में सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यकारी अभियंता/उपमंडल अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी का प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।

### लंबित शिकायतों को सोमवार तक निपटाएं

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार विभिन्न पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत प्राप्त होते ही उचित कार्रवाई करें तथा किसी भी शिकायत को लंबित न छोड़े। विभागाध्यक्ष सप्ताह में दो बार स्वयं इन पोर्टल की शिकायतों की समीक्षा करें। अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय में सीएम विंडो, जनसंवाद, समाधान शिविर, सीपीग्राम एवं एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सीएम विंडो पोर्टल की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी हर शिकायत का समय पर उचित जवाब दाखिल करें।

## न्यूज डायरी



महम। खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी गुरुजनों के संग।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टैलेंट ट्री स्कूल की टीम प्रथम

महम। यातायात एवं हाईवे निदेशक के निर्देश पर गत दिवस महम के मॉडल स्कूल में खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में टैलेंट ट्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए टैलेंट ट्री स्कूल के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल की विजेता टीम में कक्षा छठी से मोनित, सातवीं कक्षा से अक्षिता और 8वीं क्लास से लक्षिता ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके लिए प्रिंसिपल ने विजेता विदिर्थियों को बधाई दी है। खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली यह टीम अब जिला स्तर पर महम ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी। चयनित विद्यार्थी 30 दिसंबर को रोहतक में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल की चेयरमैन डॉ. दर्शना ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे जिला स्तर पर भी इसी लगन के साथ प्रदर्शन करें और विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाएं।




### नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा के दिए टिप्स

**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों को सामाजिक बुराइयों और आधुनिक चुनौतियों से अवगत कराने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्राचार्या श्रीमती नीलम सैनी के संबोधन से हुई। उन्होंने स्वयंसेवकों को नशा छोड़ो, जीवन सुधारो का संदेश देते हुए कहा कि नशा वास्तव में नाश का द्वार है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि दूसरों को भी इससे बचाने की अपील की। दोपहर बाद बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर अरुणाचल ने स्वयंसेवकों को साइबर अपराध के बढ़ते खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में हैकिंग, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी और डेटा चोरी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि मोबाइल व अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें, समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहें और किसी के साथ भी अपना ओटीपी, पैन नंबर या निजी जानकारी साझा न करें।




### शूटिंग व जंप रोप में छाई सांगवान स्कूल की छात्राएं

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने खेल जगत में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और जिले का नाम रोशन किया है। शूटिंग और जंप रोप जैसी दो अलग-अलग खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल की बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 11 से 17 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा प्राची सांगवान ने बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राची ने इंडियन ट्रायल टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वहीं दूसरी ओर, कक्षा सातवीं की छात्रा लक्षिता ने जींद में आयोजित 17वीं राज्य स्तरीय जंप रोप प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ लक्षिता ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। छात्राओं की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय में खुशी का माहौल है।



रोहतक। अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन

**रोहतक।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर पूरे हरियाणा में बिजली कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी ऊर्जा विभाग के नाम 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। रोहतक में सिटी, सांपला व सब अर्बन नंबर-1 डिवीजन में ज्ञापन दिए गए। यूनियन ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी वापस लेने, पुरानी पेंशन लागू करने, रिस्क अलाउंस, कैशलेस मेडिक्लेम व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग उठाई। यूनियन ने एक्सीडेंट बढ़ने की आशंका जताते हुए नीति का कड़ा विरोध किया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादू-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान
पं. तुषार शर्मा (गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

## खबर संक्षेप

### टेलेंट ट्री स्कूल महम में वार्षिकोत्सव कल

**महम।** टेलेंट ट्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल महम में रविवार 21 दिसंबर को विद्यालय का वार्षिक समारोह आयोजित किया जाएगा। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. दर्शना ने बताया कि पीजीआईएमएस हैल्थ यूनिवर्सिटी रोहतक के प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र मलिक समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। एचसीएम मुकुंद तंवर व डीएसपी ऋषभ सोढ़ी समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे।

### यश्वी ने क्लॉट-पीजी 2025 में सफलता पाई

**रोहतक।** मदवि (एमडीयू) के लिए यह गौरव का क्षण है।



एमडीयू-सीपीएएस की एलएलबी (तीन वर्षीय) छात्रा यश्वी अरोड़ा ने क्लॉट(सीएलएटी)-पीजी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2 प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। साथ ही, उन्होंने हरियाणा में जनरल श्रेणी में रैंक 1 हासिल कर एक और उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया है।

### 36 छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रोहतक।** होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) के 36 विद्यार्थियों ने होटल उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने एवं व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के उद्देश्य से शहर के एक होटल का विस्तृत शैक्षणिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक कार्य वातावरण से जोड़ना था।

### हिंदी आंदोलन के सत्याग्रही का निधन

**रोहतक।** हिंदी आंदोलन के सत्याग्रही एवं जाट शिक्षण संस्था के पूर्व कोषाध्यक्ष मेहर सिंह देशवाल का निधन हो गया है। वे करीब 85 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शीला बाईपास स्थित श्मशान घाट में किया गया। वे परिवार के साथ भरत कॉलोनी में रह रहे थे। मेहर सिंह देशवाल वर्ष 1983 से 1993 तक लगातार जाट शिक्षण संस्था के निर्वाचित कोषाध्यक्ष रहे। उससे पहले संस्था में ही मनोनीत कोषाध्यक्ष रहे। मूलरूप से बलियाणा गांव निवासी मेहर सिंह देशवाल ने वर्ष 1957 में हिंदी सत्याग्रह आंदोलन में हिस्सा लिया था।

# एमडीयू में बाल कल्याण व मानसिक-आध्यात्मिक विकास को लेकर दो महत्वपूर्ण एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में शुक्रवार को कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रथम एमओयू एमडीयू और राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन (आरईआरएफ), शिक्षा विंग, माउंट आबू, राजस्थान तथा दूसरा एमओयू एमडीयू और जिला बाल कल्याण परिषद, रोहतक के बीच संपन्न हुआ।

डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डा. कृष्णकांत ने, राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन की ओर से बीके पांडियामनी भाई जी तथा जिला बाल कल्याण कार्यालय की ओर से जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों, विशेषकर कामकाजी माता-पिता के बच्चों के लिए एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं पेशेवर रूप से संचालित डे-केयर सेंटर (क्रेच) की सुविधा उपलब्ध कराना है। जिला बाल कल्याण परिषद, रोहतक, जो महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के अधीन कार्यरत है, अपने प्रशिक्षित कर्मियों, विशेषज्ञता और अनुभव के माध्यम से राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप इस डे-केयर सेंटर का संचालन करेगी। इसके साथ ही, राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, माउंट आबू के सहयोग से एमडीयू परिसर में विद्यार्थियों, युवाओं तथा कर्मचारियों के मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए राजयोग, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व विकास से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा थॉट्स लैब की स्थापना की जाएगी।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने कहा कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक संवेदनशील व सहयोगात्मक बनाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की देखभाल की बेहतर व्यवस्था और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता है, जिसे यह पहल प्रभावी रूप से पूरा करेगी।

### एमडीयू में कल्याणकारी पहल और सकारात्मक कार्यक्रम

एमडीयू रजिस्ट्रार डा. कृष्णकांत ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सर्वांगीण कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि डे-केयर सुविधा से कामकाजी अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी और राजयोग से जुड़े कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर निदेशक आईक्यूएसी प्रो. बी. नरसिम्हन, डीन, इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज प्रो. राजीव कुमार, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, जेनेटिक्स विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष तिवारी, मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. अंजलि मलिक, प्रोफेसर इंचार्ज डे केयर प्रो. दीप्ति हुड्डा, बीके उमा दीदी, बीके सुषमा दीदी, बीके राहुल भाई, जिला बाल कल्याण कार्यालय से एपीओ प्रमोद तथा अकाउंटेंट शुभम, एकेडमिक ब्रांच के अधिकारी व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



### अब दोषी पाए जाने पर एक साल में ही देनी होगी सजा

# अफसर जांच के नाम पर वर्षों तक प्रताड़ना नहीं कर सकेंगे

- हाईकोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव ने सरकार के सभी विभागाध्यक्षों को जारी किए निर्देश
- चार्जसीट दाखिल होने के छह महीने में पूरी करनी होगी जांच

*चार्जशीट जारी होने के छह महीने के अंदर जांच अधिकारी को हर हाल में इंक्यावरी पूरी करनी होगी। दोषी को जिस भी ऑथोरिटी ने सजा देनी है, वह 3 महीने के अंदर अपना काम करेगी।*

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

किसी भी सरकारी महकमे के अधिकारी या फिर कर्मचारी के खिलाफ उसका अधिकारी जांच करने के समय में अब मनमर्जी नहीं कर पाएगा। हाईकोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव हरियाणा सरकार ने विश्वविद्यालयों समेत सभी विभागाध्यक्षों को गत 18 दिसंबर को निर्देश जारी किए हैं।

इनमें बताया गया है कि किसी भी कर्मचारी की जांच शुरू की जाती है तो उसके खिलाफ चार्जसीट व्यवहारिक समय के भीतर जारी की जाएगी। अब ऐसा नहीं होगा कि अफसर चार्जसीट जारी करने में कई-कई महीने निकालेगा।

चार्जसीट जारी होने के छह महीने के अंदर जांच अधिकारी को हर हाल में इंक्यावरी पूरी करनी होगी। दोषी को जिस भी ऑथोरिटी ने सजा देनी है, वह 3 महीने के अंदर अपना काम करेगी। इसके बाद दोषी अपील में जाता है तो अपीलीय ऑथोरिटी को भी 3 महीने में ही अपना निर्णय करना पड़ेगा। कुल मिलाकर अब जांच शुरू होने से लेकर सजा देने तक का समय एक साल से अधिक किसी भी सूरत में नहीं होगा। मुख्य सचिव ने अपने पत्र आगे कहा विभागाध्यक्ष समय हर एक तिमाही के बाद कर्मचारियों-अधिकारियों की शिकायतों का रिव्यू करेंगे।



### गत 13 अक्टूबर को किया था फैसला

सीपीडब्ल्यू नंबर 9066/ 2022 की सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की न्यायाधीश हरप्रीत सिंह बराड़ ने गत 13 अक्टूबर को हरियाणा सरकार को आदेश दिए थे। बताया जा रहा है कि हरियाणा सरकार के कर्मचारी खैराती लाल ने हाईकोर्ट में याचिका डालकर न्याय की गुहार लगाई थी। लाल ने न्यायालय को बताया था कि किसी भी कर्मचारी के खिलाफ किसी भी प्रकार की जांच विभाग करता है तो उसको कई-कई साल तक लटकाए रखा जाता है। जिससे कर्मचारी को मानसिक शोषण का शिकार होना पड़ता है।

### यूनिवर्सिटी सहायकों को 3600 का ग्रेड मिलेगा

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत ने बताया कि अब प्रदेशभर की यूनिवर्सिटी में कार्यरत सहायकों को अब हरियाणा सचिवालय के सहायकों की तर्ज पर 3600 ग्रेड पे के अनुसार ही वेतन मिलेगा। बोहत ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से 20 मार्च 2013, पांच सितंबर 2014 और 20 सितंबर 2014 को आदेश जारी कर प्रदेशभर की यूनिवर्सिटी के सहायकों का ग्रेड पे 3600 की बजाय 3200 कर दिया था। इस पर 2015 में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों की ओर से देवेंद्र सचदेवा व अन्य ने हाईकोर्ट में सीडब्लयूपी-4293-2015 केस दायर किया। जिस पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट की जस्टिस रितु बाहरी ने प्रदेश सरकार की ओर से 3200 ग्रेड पे करने के लिए जारी किए गए।

### फैसले की कॉपी दी

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सहायकों को 3600 का पे ग्रेड देने के फैसले की कॉपी शुक्रवार को यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को दी। कर्मचारियों ने वीसी के समक्ष मांग रखी कि सहायकों को 3600 पे ग्रेड देने के आदेश तुरंत जारी किए जाएं। कर्मचारियों ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट तक की लड़ाई लड़ी, उन्होंने 3200 पे ग्रेड के हिसाब से वेतन नहीं लिया है। अगर वे 3200 ग्रेड का वेतन लेते तो न्यायालय में 3600 का ग्रेड मांगने का केस कमजोर हो जाता। वीसी से मिलने वालों में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक, पूर्व प्रधान शान्ति लाल सिक्का, पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत,पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया, पूर्व महासचिव विवेक त्यागी ,महासचिव विजयपाल धनखड़, उप प्रधान प्रेम सजवान, सह सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, मनीष कौशिक, दलपत सिंह, सम्मे राम,प्रवीन बिश्नोई, संजय,भूदत,पवन शर्मा, धर्मेंद्र और छतर सिंह शामिल रहे।

### भारी मात्रा में हथियार, शराब व नशा बरामद

# 18 दिनों में 42 मामले हुए दर्ज, 47 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रोहतक पुलिस ने बीते 18 दिनों में अवैध शराब, नशीले पदार्थ, अवैध हथियार और हिंसक अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान जिले में कुल 42 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 47 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### 31 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने बताया कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान 1 से 31 दिसंबर तक पूरे जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां पुलिस की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित करना है, ताकि अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा की जा सके।

### 47 आरोपी गिरफ्तार

जिला पुलिस द्वारा ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत की गई कार्रवाई में अवैध शराब, एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कुल 42 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में पुलिस ने 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### अवैध हथियारों पर कसा शिकंजा

अभियान के दौरान अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ भी रोहतक पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से कुल 10 अवैध हथियार, 21 जिंदा रौंद और 2 खाली कारतूस बरामद किए गए हैं।

### नशे के खिलाफ बड़ी बरामदगी

नशे के अवैध कारोबार पर भी पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में आरोपियों से 337 ग्राम चरस, 18.6 ग्राम हेरोइन और 1640 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि नशे का कारोबार युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, इसलिए इस पर रोक लगाना पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है।

### हजारों बोतल अवैध शराब जब्त

अवैध शराब तस्करी के मामलों में भी रोहतक पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान आरोपियों के कब्जे से देसी शराब की 2518 बोतल, अंग्रेजी शराब की 2135 बोतल और 10 बोतल बीयर बरामद की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



# गोयल क्रिकेट क्लब और शिव संगम अकादमी जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को शहर में क्रिकेट प्रतियोगिता के दो मुकाबले खेले गए। एक मैच में गोयल क्रिकेट क्लब और दूसरे में शिव संगम क्रिकेट अकादमी जीती। 22 याड्र्स क्रिकेट मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में गोयल क्रिकेट क्लब ने आखिरी ओवर तक चले संघर्ष में अचीवर्स क्रू को मात्र एक रन से हराकर यादगार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित ओवरों में 157 रन बनाए। टीम की शुरुआत संतुलित रही, जहां शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी से खेलते हुए रन गति को बनाए रखा । एके ने 36 रन, नैतिक ने 12 रन और आखरी पारी चिराग सैनी ने 42 बनाकर जीत दर्ज की। अचीवर्स क्रू के गेंदबाजों मे अभिषेक, आकाश और ईशू ने 3-3 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अचीवर्स क्रू की टीम ने शानदार जुझारूपन दिखाया। शुरुआती विकेट गिरने के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में रन बटोरे जिसमे निरज नरवाल ने 31 रन , ईशू ने 24 रन और हरप्रीत ने 22 रन बनाकर । मैच को बराबरी की स्थिति तक ले आए। अंतिम ओवर में जीत के लिए जरूरी रन कम थे, लेकिन गोयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों ने दबाव में बेहतरीन लाइन-लेंथ बनाए रखी। अभिनव गुप्ता , नसीब ने अहम 2 -2 विकेट लिए। इस रोमांचक जीत के साथ गोयल क्रिकेट क्लब ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इस मैच के मैन ऑफ द मैच चिराग सैनी रहे। साथ ही बेहतरीन बल्लेबाज भी चिराग सैनी रहे। बेहतरीन गेंदबाज ईशू रहे।

### सेमीफाइनल में शिव संगम अकादमी की शानदार जीत

क्रिकेट के ही अन्य मुकाबले के सेमीफाइनल मैच में शिव संगम क्रिकेट एकेडमी ने गोयल क्रिकेट क्लब को एकतरफा अंदाज में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब की टीम 38.3 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। टीम की शुरुआत संतोषजनक रही, लेकिन मध्यक्रम में लगातार विकेट गिरने से रन गति पर असर पड़ा। गोयल क्लब की ओर से संकल्प ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए सर्वाधिक रन बनाए, वहीं संकल्प ने 68 , यशमित ने 25 रन बनाए और अन्य बल्लेबाजों ने छोटे-छोटे योगदान दिए।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में डॉ. पुष्पा सिन्धु की अर्थशास्त्र विषयक पुस्तकों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बीए एवं बी कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप तैयार की गई दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। इन पुस्तकों "माइक्रोइकोनॉमिक्स फॉर बिज़नेस डिसीज़न्स" तथा "सस्टेनेबल इकोनॉमिक्सः बैलेंसिंग प्रॉफिट एंड प्लैनेट" का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी. एम. यादव द्वारा किया गया।

इन पुस्तकों की लेखिका डॉ. पुष्पा सिन्धु हैं, जो बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।



**रोहतक।** पुस्तक लोकार्पण समारोह में पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रोफेसर बी. एम. यादव।

यह पुस्तकें बी.ए. और बी.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सरल, व्यावहारिक और समकालीन दृष्टिकोण से तैयार की गई हैं।

लोकार्पण अवसर पर कुलपति प्रोफेसर बी. एम. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक, विश्लेषणात्मक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पुस्तकें इसी सोच को साकार करती हैं और विद्यार्थियों को विषय की गहराई तक पहुंचने में मदद करेंगी। कुलपति ने बताया कि "माइक्रोइकोनॉमिक्स फॉर बिज़नेस डिसीज़न्स" में सूक्ष्म अर्थशास्त्र के सिद्धांतों को वास्तविक और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है, जिससे विद्यार्थी व्यवसायिक निर्णयों की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

# दो युवकों की हत्या की साजिश नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस अभियान के अंतर्गत स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ (एसडीएस) की टीम ने एक शातिर अपराधी को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर न केवल एक बड़ी वारदात को टाल दिया, बल्कि दो युवकों की संभावित हत्या की साजिश को भी समय रहते नाकाम कर दिया।

### चार देसी पिस्तौल और 11 जिंदा रौंद बरामद

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम को यह महत्वपूर्ण सफलता मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को चार देसी पिस्तौल और 11 जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और अदालत के आदेशानुसार पुलिस रिमांड लेकर उससे गहन पूछताछ की जाएगी, ताकि अवैध हथियारों की सप्लाई और संभावित वारदातों से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा किया जा सके।

### गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ रोहतक उप निरीक्षक अश्वनी कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक अवैध हथियारों के साथ जीन्द रोड क्षेत्र में किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उप निरीक्षक अश्वनी कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक कृष्ण के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया और बताए गए स्थान की ओर रवाना किया।

### जीन्द रोड से संदिग्ध युवक काबू

पुलिस टीम ने जीं रोड पर ड्रेन नंबर 8 के पास एक युवक को शक के आधार पर रोका और पूछताछ की। युवक की पहचान नवीन उर्फ मोनु पुत्र महाबीर निवासी टिटौली के रूप में हुई। नियमानुसार जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पिट्ठू बैग से चार देसी पिस्तौल और 11 जिंदा रौंद बरामद हुए। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना सदर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### एप को फोन में इंटरनेट नहीं होने पर भी खोलकर देखा जा सकता है

# कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने पीजीआई का एप किया लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अब एआई का युग आ चुका है, हर कोई चाहता है कि एक फोन पर ही सभी सुविधाएं ऑनलाइन मिल जाएं। इसी कड़ी में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने भी एक कदम बढ़ा दिया है। जिसके तहत शुक्रवार को कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने फोन में बटन दबाकर पीजीआईएमएस यूएचएस रोहतक नाम से बनाए गए एप को लॉन्च किया।

कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल ने बताया कि डिजिटल प्रक्रिया होने से सरकार का रेवेन्यू भी बचेगा। इस एप को फोन में इंटरनेट नहीं होने पर भी खोलकर देखा जा सकता है और जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कुलपति डॉ अग्रवाल ने इस एप को शुरू करवाने में अहम भूमिका निभाने वाले चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह एक बेहतरीन कार्य किया है जिससे हम घर बैठे फोन पर ही काफी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि यह एप अस्पताल को पेपर लेस की तरफ ले जाने का एक बहुत बड़ा कदम साबित होगा।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि भविष्य में इस एप पर ओपीडी शेड्यूल भी डाला जा सकता है और मरीजों के हितों को देखते हुए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी शुरू किया जा सकता है, जो एक मील का पत्थर साबित होगा। होगा। डॉक्टर कुंदन मित्तल ने बताया कि इस एप के माध्यम से मेडिकल की सभी रिपोर्ट भी इस पर डाली जा सकती हैं। चिकित्सक व मरीज सभी रिपोर्ट को ऑनलाइन भी देख सकेंगे। डॉ. कुंदन ने बताया कि इस एप पर संपूर्ण अस्पताल की डायरेक्टरी उपलब्ध है, जिससे सीधे किसी भी इंटरनल नंबर पर फोन करके वार्ड में मरीज की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



**रोहतक।** एप को लॉन्च करते कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल,चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल व अन्य फ्रीलांसर इंजीनियर।

### एप के शुरू होने से मरीजों को मिलेगी सुविधा

*डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि इस एप को बनाने में फ्रीलांसर इंजीनियर सचिन कुमार का महत्वपूर्ण योगदान है, उन्होंने बिना किसी पैसे के यह ऐप तैयार किया है। डॉ. मित्तल ने बताया कि भविष्य में इस एप के शुरू होने से मरीजों को काफी सुविधा होगी और वे घर बैठे फोन पर ही अपनी रिपोर्ट और अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।*

### ये रहे मौजूद

डॉ. महेश माहला ने बताया कि कुलपति डॉ. अग्रवाल का प्रयास है कि संस्थान ऑनलाइन प्रक्रिया की ओर बढ़े और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलें। इस अवसर पर डीडीए वरूण शर्मा, चरण सिंह आदि भी उपस्थित रहे।